अमर उजाला

तिशत छात्र

ी रजिस्ट्रार ने मांगी आख्या

नए मदरसों को मान्यता नहीं मिली है और न ही कोई अनुदान मिल रहा है। मैनेजर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के जनरल सेक्रेटरी डॉ. रशीद अनवर सिद्दीकी ने बताया कि मदरसों को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से संचालित होने वाली आधुनिकीकरण योजना का नवीनीकरण 2021 से नहीं हुआ। छात्रों को भी छात्रवृत्ति न मिलने से मदरसों की हालत बहुत खराब है। मदरसा आधुनिकीकरण के तहत खोले गए 15 मदरसों ने मान्यता छोड़ दी है। आर्थिक संकट के चलते शिक्षक सब्जी और परचून की दुकान खोलकर बैठे हैं।

सीएसए में 24 व 25 को किसान मेला

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में किसान मेले का आयोजन 24 व 25 अक्तूबर को होगा। कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विवि अपने 15 कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक की जानकारी देगा।

मेले में किसान व प्रसार कार्यकर्ता कृषि शोध की नवीनतम तकनीक, कृषि यंत्र एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियां के बारे में जान सकेंगे। मेले में उत्पाद प्रदर्शन करने के लिए 120 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। दोनों दिन कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कृषक प्रश्नोत्तरी में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। (ब्यूरो)